1140
22/2/13

खण्ड-8 संख्या-8

# एकादश बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(कार्यवाही भाग-2, प्रश्नोत्तररहित)

सत्यमेव जयते

बुधवार

तिथि 5 मार्च, 1997 ई०

एजेंसी है। ग्रामीण विकास विभाग पैसा देती है और वह निर्माण कराती है।

**उपाध्यक्ष :** यह ग्रामीण विकास विभाग में ट्रांसफर हो गया था।

**श्री रमई राम :** ट्रांसफर हो कर अभी मेरे पास नहीं आया है। जब निधि उपलब्ध होगा तो कार्रवाई करेंगे। लेकिन यह बात कहना चाहता हूँ कि ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित प्रखंडों के निर्माण के लिए जो आवंटन प्राप्त होगा, इस आवंटन को इस को भी समावेश कर दिया जायेगा।

**उपाध्यक्ष :** क्या माननीय सदस्य वापस लेंगे?

**श्री राम बहादुर राय :** वापस लेता हूँ।

**उपाध्यक्ष : क्रमांक-11, श्री राम दास राय।**

**श्री राम दास राय :** महोदय,

"यह सभा राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह सारण जिलान्तर्गत हिसुआपुर प्रखंड के लिए कार्यालय भवन तथा कर्मचारियों के आवासों का निर्माण करावें।"

महोदय, हिसुआपुर प्रखंड नया प्रखंड है। यह पंचायत भवन में चल रहा है। स्थिति यह है कि वहां भवन नहीं रहने से बी०डी०ओ० नहीं रहते हैं, कर्मचारी वहां नहीं रहते हैं और परेशानी होती है। इस बात को लेकर मैं माननीय मंत्री ग्रामीण विकास विभाग से बातें भी की है। उन्होंने कहा था कि भवन के निर्माण के लिए हम राशि दे देंगे। मैं भवन मंत्री महोदय से आग्रह करूंगा कि ग्रामीण विकास विभाग को लिखें कि इसके निर्माण के लिए राशि दे दें तो हमें इस को वापस करने में कोई एतराज नहीं है।

**श्री रघुनाथ झा :** यह हम लिखा देंगे।

**श्री रामदास राय :** ठीक है।

**उपाध्यक्ष : क्रमांक-12, श्री राधाकृष्ण किशोर**

**श्री राधा कृष्ण किशोर :** उपाध्यक्ष महोदय,